http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2014
## व्यावसायिक अर्थशास्त्र : कक्षा XII

### खण्ड-अ

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** (प्रत्येक 5 अंक)

**प्रश्न 1. दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए—**

(अ) **सामान्य बेरोजगारी का अध्ययन किया जाता है—**
(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र में, (ii) समष्टि अर्थशास्त्र में,
(iii) उपर्युक्त दोनों में, (iv) उपर्युक्त किसी में भी नहीं।

(ब) **बचत तथा उपभोग के बीच संबंध होता है—**
(i) विपरीत, (ii) प्रत्यक्ष,
(iii) विपरीत तथा प्रत्यक्ष दोनों,
(iv) न तो विपरीत और न ही प्रत्यक्ष।

(स) **बैंकों के नियमन और नियंत्रण के लिये कौन-सा अधिनियम लागू है ?**
(i) कम्पनी अधिनियम, 1956, (ii) भारतीय समझौता अधिनियम,
(iii) नेगोशिएबल इन्स्ट्रमेंट्स एक्ट,
(iv) बैंकिंग कम्पनी (रेगुलेशन) एक्ट, 1949।

(द) **लोक सभा में बजट पर भाषण दिया जाता है—**
(i) रक्षामंत्री द्वारा, (ii) प्रधानमंत्री द्वारा,
(iii) गृहमंत्री द्वारा, (iv) वित्तमंत्री द्वारा।

(इ) **भुगतान संतुलन सदैव रहता है—**
(i) संतुलन में, (ii) असंतुलन में, (iii) घाटे में, (iv) अतिरेक में।

उत्तर—(अ) (ii), (ब) (i), (स) (iv), (द) (iv), (इ) (i)।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

(अ) भारतीय रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण ........ को हुआ।
(ब) बजट सरकार की ........ नीतियों का उपकरण होता है।
(स) व्यापार संतुलन एक निश्चित अवधि में किसी देश के ........ बीच का सम्बन्ध है।
(द) पूर्ण प्रतियोगिता की दशा में क्रेता तथा विक्रेता .......... की संख्या में होते हैं।
(इ) आभास लगान केवल, .......... में ही प्राप्त होता है।

उत्तर— (अ) 1जनवरी 1949, (ब) राजकोषीय, (स) आयात-निर्यात के, (द) अधिक, (इ) अल्पकाल।

**प्रश्न 3. सही जोड़ियाँ बनाइए—**

| | 'अ' | | 'ब' |
|---|---|---|---|
| (a) | मुद्रा एक अच्छा सेवक है लेकिन | (i) | एक दण्डनीय अपराध है |
| (b) | सेवा कर लगाया जाता है | (ii) | कम या अधिक हो सकता है |
| (c) | बाजार मूल्य वस्तु की उत्पादन लागत से | (iii) | कभी भी शून्य नहीं हो सकती है |
| (d) | व्यावहारिक जीवन में ब्याज की दर | (iv) | बुरा स्वामी है |
| (e) | करों का भुगतान न करना | (v) | केन्द्रीय सरकार द्वारा |

उत्तर—(a) → (iv), (b) → (v), (c) → (ii), (d) → (iii), (e) → (i)।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित का सत्य या असत्य में उत्तर दीजिए—**

(i) केन्द्रीय आबकारी शुल्क प्रत्यक्ष कर की श्रेणी में आता है।
(ii) विनिमय के लिये दो पक्षों का होना आवश्यक है।
(iii) भारत चाय का सबसे बड़ा आयातक देश है।
(iv) सूचकांक तथ्यों को सरल एवं समझने योग्य बनाते हैं।

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 5.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का *एक-एक* शब्द में उत्तर दीजिए—
(अ) राजस्व किस शास्त्र की शाखा है ?
(ब) शिक्षा उपकर किसके द्वारा लगाया जाता है ?
(स) भारत में आयकर किस प्रकार का कर है ?
(द) द्वितीयक समंक किसे कहते हैं ?
(इ) राष्ट्रीय आय की गणना वर्ष में कितनी बार की जाती है ?
**उत्तर**— (अ) अर्थशास्त्र, (ब) केन्द्र सरकार, (स) प्रत्यक्ष कर, (द) संकलित, (इ) एक बार।

## खण्ड-ब

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 2 अंक)

**प्रश्न 6.** मुद्रा के **चार** आर्थिक दोषों के केवल नाम लिखिए।
*अथवा*
केन्द्रीय बैंक को परिभाषित कीजिए।
**प्रश्न 7.** बजट के कोई **दो** उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।
*अथवा*
केन्द्रीय सरकार की गैर-कर प्राप्तियों के **चार** नाम लिखिए।
**प्रश्न 8.** विनिमय के कोई **दो** लक्षण बताइए।
*अथवा*
वस्तु विनिमय प्रणाली की कोई **दो** कठिनाइयों को लिखिए।
**प्रश्न 9.** भारत में ब्याज दर ऊँची होने के **दो** कारण लिखिए।
*अथवा*
भारत में बाल श्रमिक की विद्यमानता के कोई **दो** कारण लिखिए।
**प्रश्न 10.** सांख्यिकी के कोई **दो** कार्य लिखिए।
*अथवा*
समंकों के रूप में सांख्यिकी की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिए।

### लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 4 अंक)

**प्रश्न 11.** समष्टि अर्थशास्त्र की सीमाएँ लिखिए। (कोई **चार** बिन्दु)
*अथवा*
व्यष्टि (सूक्ष्म) अर्थशास्त्र का महत्त्व लिखिए। (कोई **चार** बिन्दु)
**प्रश्न 12.** आय एवं रोजगार के परम्परावादी तथा कीन्स के सिद्धान्त में कोई **चार** अंतर स्पष्ट कीजिए।
*अथवा*
प्रभावपूर्ण माँग का महत्त्व बताइए। (कोई **चार** बिन्दु)
**प्रश्न 13.** संतुलित बजट, घाटे का बजट एवं बचत के बजट को समझाइए।
*अथवा*
बजट निर्माण प्रक्रिया समझाइए। (कोई **चार** बिन्दु)
**प्रश्न 14.** दृश्य आयात-निर्यात तथा अदृश्य आयात-निर्यात को समझाइए।
*अथवा*
स्थिर विनिमय दर के पक्ष में कोई **चार** तर्क दीजिए।
**प्रश्न 15.** विदेशी विनिमय दर को प्रभावित करने वाले **चार** तत्वों को लिखिए।
*अथवा*
भुगतान शेष में असंतुलन के कोई **चार** कारण लिखिए।
**प्रश्न 16.** सेल (SAIL) से आपका क्या आशय है ? सेल की स्थापना के कोई **चार** उद्देश्य लिखिए।
http://www.a2zsubjects.com
*अथवा*

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (प्रत्येक 5 अंक)

**प्रश्न 18.** उपभोग प्रवृत्ति को निर्धारित करने वाले **पाँच** तत्व लिखिए।

*अथवा*

पूँजी की सीमांत कुशलता को निर्धारित करने वाले तत्वों को लिखिए।

**प्रश्न 19.** विनिमय के लाभ लिखिए। (कोई **पाँच**)

*अथवा*

क्षेत्र के आधार पर बाजार के वर्गीकरण को समझाइए।

**प्रश्न 20.** एक ही व्यवसाय में मजदूरी की भिन्नता क्यों पायी जाती है ?

*अथवा*

महिला श्रमिकों की दशा में सुधार हेतु कोई **छः** सुझाव दीजिए।

**प्रश्न 21.** लोहा व इस्पात उद्योग देश का आधारभूत उद्योग है। समझाइए।

*अथवा*

भारत में गन्ने की कम उत्पादकता के क्या कारण हैं ?

**प्रश्न 22.** निम्नलिखित आँकड़ों से राष्ट्रीय आय की गणना कीजिए—

| | | |
|---|---|---|
| (i) | वेतन | — Rs. 6,000 |
| (ii) | किराया | — Rs. 2,000 |
| (iii) | लाभ | — Rs. 2,000 |
| (iv) | ब्याज | — Rs. 1,000 |
| (v) | उपभोग | — Rs. 5,000 |
| (vi) | सकल घरेलू | — Rs. 800 |

*अथवा*

राष्ट्रीय आय का महत्त्व किन्हीं **पाँच** बिन्दुओं में बताइए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (प्रत्येक 6 अंक)

**प्रश्न 23.** करारोपण के कोई **छः** उद्देश्य लिखिए।

*अथवा*

राजस्व के किन्हीं **चार** सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए।

**प्रश्न 24.** निम्नांकित समंकों के आधार पर समान्तर माध्य की गणना कीजिए :

| प्राप्तांक | छात्रों की संख्या |
|---|---|
| 5 | 5 |
| 10 | 7 |
| 15 | 9 |
| 20 | 10 |
| 25 | 8 |
| 30 | 6 |
| 35 | 3 |
| 40 | 2 |

*अथवा*

निर्देशांकों की कोई **छः** विशेषताएँ लिखिए।

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zsubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com